# मासिक अपराध प्रतिवेदन मई 2011

माह मई 2011 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।
राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2010 के माह मई की तुलना में (भा.द.स) भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति
### (माह मई 2010, अप्रेल 2011 एवं मई 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मई 2010 | अप्रेल 2011 | मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 |
| 1 | हत्या | 119 | 108 | 155 | 36 | 47 | 30.25 | 43.52 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 150 | 117 | 143 | -7 | 26 | -4.67 | 22.22 |
| 3 | डकैती | 5 | 4 | 2 | -3 | -2 | -60.00 | -50.00 |
| 4 | लूट | 77 | 79 | 62 | -15 | -17 | -19.48 | -21.52 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 306 | 283 | 329 | 23 | 46 | 7.52 | 16.25 |
| 6 | बलात्कार | 143 | 150 | 159 | 16 | 9 | 11.19 | 6.00 |
| 9 | बलवा | 80 | 65 | 50 | -30 | -15 | -37.50 | -23.08 |
| 7 | नकबजनी | 418 | 351 | 457 | 39 | 106 | 9.33 | 30.20 |
| 8 | चोरी | 1955 | 1663 | 1799 | -156 | 136 | -7.98 | 8.18 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 11615 | 10324 | 11439 | -176 | 1115 | -1.52 | 10.80 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **14868** | **13144** | **14595** | **-273** | **1451** | **-1.84** | **11.04** |

वर्ष 2011 में 2009 एवं 2010 की तुलना में माह मई तक भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मई )

| क.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मई तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 545 | 548 | 566 | 21 | 18 | 3.85 | 3.28 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 655 | 623 | 640 | -15 | 17 | -2.29 | 2.73 |
| 3 | डकैती | 26 | 20 | 10 | -16 | -10 | -61.54 | -50.00 |
| 4 | लूट | 334 | 359 | 296 | -38 | -63 | -11.38 | -17.55 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 1202 | 1336 | 1343 | 141 | 7 | 11.73 | 0.52 |
| 6 | बलात्कार | 589 | 650 | 758 | 169 | 108 | 28.69 | 16.62 |
| 7 | बलवा | 433 | 447 | 319 | -114 | -128 | -26.33 | -28.64 |
| 8 | नकबजनी | 2293 | 2064 | 2016 | -277 | -48 | -12.08 | -2.33 |
| 9 | चोरी | 9113 | 9544 | 8963 | -150 | -581 | -1.65 | -6.09 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 49947 | 52260 | 52102 | 2155 | -158 | 4.31 | -0.30 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **65137** | **67851** | **67013** | **1876** | **-838** | **2.88** | **-1.24** |

# निस्तारण भा.द.सं.

आलोच्य वर्ष 2011 में माह मई तक भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2011 (माह मई )**

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 566 | 63 | 23.16 | 1 | 64 | 208 | 99.52 | 294 | 51.94 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 640 | 39 | 10.24 | 7 | 46 | 335 | 97.95 | 259 | 40.47 |
| 3 | डकैती | 10 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 4 | 100.00 | 6 | 60.00 |
| 4 | लूट | 296 | 22 | 11.00 | 54 | 76 | 124 | 69.66 | 96 | 32.43 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 1343 | 542 | 66.10 | 24 | 566 | 254 | 91.37 | 523 | 38.94 |
| 6 | बलात्कार | 758 | 203 | 40.04 | 0 | 203 | 304 | 100.00 | 251 | 33.11 |
| 7 | बलवा | 319 | 45 | 17.58 | 0 | 45 | 211 | 100.00 | 63 | 19.75 |
| 8 | नकबजनी | 2016 | 65 | 4.32 | 949 | 1014 | 489 | 34.01 | 513 | 25.45 |
| 9 | चोरी | 8963 | 462 | 6.07 | 5592 | 6054 | 1556 | 21.77 | 1353 | 15.10 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 52102 | 13496 | 31.08 | 1497 | 14993 | 28434 | 95.00 | 8675 | 16.65 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **67013** | **14937** | **27.17** | **8124** | **23061** | **31919** | **79.71** | **12033** | **17.96** |

- एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता / अदमसबूत।

वर्ष 2010 एवं 2011 में (माह मई तक) सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| क. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 |
| 1 | डकैती | 20.00 | 0.00 | 100.00 | 100.00 | 93.01 | 71.32 |
| 2 | लूट | 6.22 | 11.00 | 68.72 | 69.66 | 67.25 | 57.47 |
| 3 | नकबजनी | 5.68 | 4.32 | 33.40 | 34.01 | 40.90 | 35.32 |
| 4 | चोरी | 8.87 | 6.07 | 20.20 | 21.77 | 50.55 | 53.50 |
| **5** | **योग भादसं.** | **26.48** | **27.17** | **78.95** | **79.71** | **51.62** | **50.96** |

भा.द.सं. के तहत माह मई 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2011 में माह मई तक नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, अप्रेल 2011 एवं मई 2010 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – माहवार तुलनात्मक स्थिति (माह मई 2010, अप्रेल 2011 एवं मई 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मई 2010 | अप्रेल 2011 | मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 1063 | 1095 | 1124 | 61 | 29 | 5.74 | 2.65 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1242 | 981 | 1089 | -153 | 108 | -12.32 | 11.01 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 330 | 414 | 398 | 68 | -16 | 20.61 | -3.86 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 119 | 131 | 115 | -4 | -16 | -3.36 | -12.21 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 47 | 41 | 38 | -9 | -3 | -19.15 | -7.32 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 36 | 25 | 13 | -23 | -12 | -63.89 | -48.00 |
| 7 | अन्य एक्ट | 1723 | 1897 | 2098 | 375 | 201 | 21.76 | 10.60 |
| 8 | **योग** | **4560** | **4584** | **4875** | **315** | **291** | **6.91** | **6.35** |

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मई )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मई तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 5489 | 5024 | 6097 | 608 | 1073 | 11.08 | 21.36 |
| 2 | जुआ एक्ट | 5030 | 6415 | 5931 | 901 | -484 | 17.91 | -7.54 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 1640 | 1688 | 2080 | 440 | 392 | 26.83 | 23.22 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 413 | 522 | 599 | 186 | 77 | 45.04 | 14.75 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 143 | 222 | 204 | 61 | -18 | 42.66 | -8.11 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 108 | 119 | 113 | 5 | -6 | 4.63 | -5.04 |
| 7 | अन्य एक्ट | 5174 | 7333 | 9616 | 4442 | 2283 | 85.85 | 31.13 |
| 8 | **योग** | **17997** | **21323** | **24640** | **6643** | **3317** | **36.91** | **15.56** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत मई 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

## निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2011 (माह मई)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 6097 | 1 | 0.02 | 16 | 17 | 5779 | 99.72 | 301 | 4.94 |
| 2 | जुआ एक्ट | 5931 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 5904 | 100.00 | 27 | 0.46 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 2080 | 0 | 0.00 | 9 | 9 | 1930 | 99.54 | 141 | 6.78 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 599 | 2 | 0.55 | 5 | 7 | 357 | 98.62 | 235 | 39.23 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 204 | 0 | 0.00 | 5 | 5 | 176 | 97.24 | 23 | 11.27 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 113 | 4 | 5.63 | 0 | 4 | 67 | 100.00 | 42 | 37.17 |
| 7 | अन्य एक्ट | 9616 | 3026 | 34.98 | 662 | 3688 | 4962 | 88.23 | 966 | 10.05 |
| 8 | **योग एक्ट** | **24640** | **3033** | **13.24** | **697** | **3730** | **19175** | **96.49** | **1735** | **7.04** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह मई 2010, अप्रेल 2011 एवं मई 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मई 2010 | अप्रेल 2011 | मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 36 | 47 | 58 | 22 | 11 | 61.11 | 23.40 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 15 | 23 | 21 | 6 | -2 | 40.00 | -8.70 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 1078 | 859 | 990 | -88 | 131 | -8.16 | 15.25 |
| 4 | बलात्कार | 143 | 150 | 159 | 16 | 9 | 11.19 | 6.00 |
| 5 | छेड़छाड़ | 210 | 230 | 228 | 18 | -2 | 8.57 | -0.87 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 264 | 253 | 278 | 14 | 25 | 5.30 | 9.88 |
| 7 | अन्य | 73 | 83 | 85 | 12 | 2 | 16.44 | 2.41 |
| **8** | **कुल योग** | **1819** | **1645** | **1819** | **0** | **174** | **0.00** | **10.58** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मई )

| क्र. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मई तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 155 | 174 | 207 | 52 | 33 | 33.55 | 18.97 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 63 | 76 | 83 | 20 | 7 | 31.75 | 9.21 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 3746 | 4319 | 4405 | 659 | 86 | 17.59 | 1.99 |
| 4 | बलात्कार | 589 | 650 | 758 | 169 | 108 | 28.69 | 16.62 |
| 5 | छेड़छाड़ | 991 | 1007 | 1044 | 53 | 37 | 5.35 | 3.67 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 984 | 1129 | 1159 | 175 | 30 | 17.78 | 2.66 |
| 7 | अन्य | 301 | 320 | 366 | 65 | 46 | 21.59 | 14.38 |
| **8** | **कुल योग** | **6829** | **7675** | **8022** | **1193** | **347** | **17.47** | **4.52** |

- महिला अत्याचार के तहत मई 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका "**ग**" पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार
### (वर्ष 2011 माह मई तक)

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 207 | 24 | 22.64 | 0 | 24 | 82 | 100.00 | 101 | 48.79 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 83 | 10 | 19.61 | 0 | 10 | 41 | 100.00 | 32 | 38.55 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 4405 | 1722 | 48.34 | 0 | 1722 | 1840 | 100.00 | 843 | 19.14 |
| 4 | बलात्कार | 758 | 203 | 40.04 | 0 | 203 | 304 | 100.00 | 251 | 33.11 |
| 5 | छेड़छाड़ | 1044 | 214 | 22.22 | 1 | 215 | 748 | 99.87 | 81 | 7.76 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 1159 | 481 | 67.09 | 21 | 502 | 215 | 91.10 | 442 | 38.14 |
| 7 | अन्य अभियोग | 366 | 69 | 25.75 | 6 | 75 | 193 | 96.98 | 98 | 26.78 |
| **8** | **कुल योग** | **8022** | **2723** | **44.10** | **28** | **2751** | **3423** | **99.19** | **1848** | **23.04** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, अप्रेल 2011 एवं मई 2010 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:–

### अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह मई 2010, अप्रेल 2011 एवं मई 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मई 2010 | अप्रेल 2011 | मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 |
| 1 | हत्या | 3 | 4 | 4 | 1 | 0 | 33.33 | 0.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 1 | 3 | 5 | 4 | 2 | 400.00 | 66.67 |
| 3 | बलात्कार | 17 | 16 | 21 | 4 | 5 | 23.53 | 31.25 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 3 | 1 | 3 | 0 | 2 | 0.00 | 200.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 413 | 353 | 349 | -64 | -4 | -15.50 | -1.13 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 6 | 8 | 13 | 7 | 5 | 116.67 | 62.50 |
| **8** | **कुल योग** | **443** | **385** | **395** | **-48** | **10** | **-10.84** | **2.60** |

### अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मई)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह मई तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 29 | 16 | 22 | -7 | 6 | -24.14 | 37.50 |
| 2 | गम्भीर चोट | 24 | 20 | 29 | 5 | 9 | 20.83 | 45.00 |
| 3 | बलात्कार | 60 | 81 | 85 | 25 | 4 | 41.67 | 4.94 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 18 | 16 | 11 | -7 | -5 | -38.89 | -31.25 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 1592 | 1791 | 1795 | 203 | 4 | 12.75 | 0.22 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 43 | 37 | 47 | 4 | 10 | 9.30 | 27.03 |
| **8** | **कुल योग** | **1766** | **1961** | **1989** | **223** | **28** | **12.63** | **1.43** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह मई 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण वर्ष 2011 (माह मई)

| क्रं सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 22 | 3 | 25.00 | 0 | 3 | 9 | 100.00 | 10 | 45.45 |
| 2 | गम्भीर चोट | 29 | 6 | 31.58 | 0 | 6 | 13 | 100.00 | 10 | 34.48 |
| 3 | बलात्कार | 85 | 21 | 38.89 | 0 | 21 | 33 | 100.00 | 31 | 36.47 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 11 | 3 | 37.50 | 2 | 5 | 3 | 60.00 | 3 | 27.27 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 1795 | 783 | 61.46 | 3 | 786 | 488 | 99.39 | 521 | 29.03 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 47 | 29 | 87.88 | 0 | 29 | 4 | 100.00 | 14 | 29.79 |
| **8** | **कुल योग** | **1989** | **845** | **60.36** | **5** | **850** | **550** | **99.10** | **589** | **29.61** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, माह अप्रेल 2011 एवं माह मई 2010 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह मई 2010, अप्रेल 2011 एवं मई 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मई 2010 | अप्रेल 2011 | मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 | मई 2010 से मई 2011 | अप्रेल 2011 से मई 2011 |
| 1 | हत्या | 2 | 2 | 3 | 1 | 1 | 50.00 | 50.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 2 | 2 | -1 | 0 | -33.33 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 5 | 4 | 7 | 2 | 3 | 40.00 | 75.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 3 | 2 | 0 | -3 | -2 | -100.00 | -100.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 110 | 77 | 88 | -22 | 11 | -20.00 | 14.29 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 8 | 3 | 2 | -6 | -1 | -75.00 | -33.33 |
| **8** | **कुल योग** | **131** | **90** | **102** | **-29** | **12** | **-22.14** | **13.33** |

वर्ष 2011 में गत 2 वर्षो की तुलना में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह मई )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह मई तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 2 | 10 | 7 | 5 | -3 | 250.00 | -30.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 11 | 15 | 7 | -4 | -8 | -36.36 | -53.33 |
| 3 | बलात्कार | 18 | 15 | 21 | 3 | 6 | 16.67 | 40.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 3 | 4 | 7 | 4 | 3 | 133.33 | 75.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 379 | 472 | 453 | 74 | -19 | 19.53 | -4.03 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 5 | 14 | 10 | 5 | -4 | 100.00 | -28.57 |
| **8** | **कुल योग** | **418** | **530** | **505** | **87** | **-25** | **20.81** | **-4.72** |

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2011 (माह मई )

| कसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 7 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 2 | 100.00 | 5 | 71.43 |
| 2 | गम्भीर चोट | 7 | 1 | 20.00 | 0 | 1 | 4 | 100.00 | 2 | 28.57 |
| 3 | बलात्कार | 21 | 1 | 7.69 | 0 | 1 | 12 | 100.00 | 8 | 38.10 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 7 | 3 | 60.00 | 0 | 3 | 2 | 100.00 | 2 | 28.57 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 453 | 199 | 65.03 | 0 | 199 | 107 | 100.00 | 147 | 32.45 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 10 | 5 | 71.43 | 0 | 5 | 2 | 100.00 | 3 | 30.00 |
| **8** | **कुल योग** | **505** | **209** | **61.83** | **0** | **209** | **129** | **100.00** | **167** | **33.07** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह मई 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, अप्रेल 2011 एवं मई 2010 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मई 2010 | अप्रेल 2011 | मई 2011 | वर्ष 2010 | वर्ष 2011 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा/बरी | ड्रॅाप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107/151 द.प्र.सं. | 10572 | 9860 | 10711 | 52347 | 49827 | 122999 | 104881 | 113 | 2 | 18003 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 2657 | 1793 | 1905 | 9922 | 9957 | 13305 | 12865 | 0 | 0 | 440 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 848 | 902 | 651 | 7085 | 7800 | 7800 | 6887 | 0 | 132 | 781 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 35 | 59 | 30 | 159 | 234 | 291 | 144 | 0 | 1 | 146 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 34 | 80 | 83 | 83 | 345 | 538 | 271 | 0 | 0 | 267 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 24 | 47 | 22 | 110 | 204 | 1062 | 507 | 0 | 0 | 555 |
| 7 | एच.ओ. एक्ट | 2 | 8 | 2 | 2 | 20 | 20 | 0 | 0 | 0 | 20 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 5907 | 4722 | 6207 | 19407 | 28536 | 30012 | 28076 | 55 | 0 | 1881 |
| 9 | एन. एस. ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2010 एवं 2011 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2010 | 197 | 150 | 47 |
| 2011 (मई ) | 90 | 29 | 61 |

### सड़क दुर्घटना

| क.सं. | वर्ष | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2010 ( मई तक) | 10667 | 4016 | 14100 |
| 2 | 2011 ( मई तक ) | 10259 | 4020 | 12984 |

माह मई 2011 में कुल 2341 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 1986 एवं मई 2010 में 2298 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह एवं मई 2010 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में वृद्धि रही है।

राज्य में वर्ष 2011 में माह मई तक कुल 10259 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 10667 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 408 (3.82 % ) दुर्घटनाओं की कमी रही है।

## घोषित अपराधी/मफरूर

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन के अन्त में तालिका **'ड'** पर है।

वर्ष 2011 में अब तक 706 भगौड़े 328 घोषित अपराधी, तथा 5798 स्थायी वारंटी प्राप्त हुए। जिनमें से 1127 भगौड़े, 525 घोषित अपराधी एवं 11907 स्थाई वारंटियों का निस्तारण किया गया।

## उपलब्धियाँ माह मई– 2011

**डकैती:–**

- दिनांक 04, 05 व 06.05.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना वजीरपुर, गंगापुर सिटी व सदर गंगापुर पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए डकैती के दर्ज अभियोगों में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.05.2011 को जिला धौलपुर थाना मनियां पुलिस ने दौराने गश्त डन्डौली तिराया पर डकैती की योजना बनाते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो देशी कट्टे 315बोर, मय 4 कारतूस, एक देशी कट्टा 12बोर मय दो कारतूस एवं दो चाकू बरामद किये।
- दिनांक 30.05.2011 को जिला धौलपुर थाना सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दस्यु भंवर मीणा गैग के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक कट्टा 315बोर व दो कारतूस बरामद किया।

**लूट:–**

- दिनांक 02 व 21.05.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना राशमी पुलिस ने लूट, नकबजनी व चोरी की बढती घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए एक टीम गठित कर दौराने कार्यवाही 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूट, नकबजनी व चोरी के दर्ज अभियोगों में माल मसरूका सहित गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.05.2011को जिला जयपर पश्चिम थाना विश्वकर्मा पुलिस ने लूट के दर्ज अभियोग में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लूटी गई राशि 60,000/–रूपये व एक मोबाइल बरामद किया।
- दिनांक 04.05.2011 को जिला नागौर थाना कुचेरा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रक को रूकवाकर ट्रक में भरा 140 बोरी रायड़ा एक पिकअप व एक ट्रेक्टर में लूट कर ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूटा गया माल मसरूका कीमतन 3 लाख रूपये का बरामद किया।
- दिनांक 04 व 21.05.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना शास्त्रीनगर व जालुपुरा पुलिस ने लूट की वारदात में लिप्त 8 अभियुक्तों के कब्जे से एक स्कार्पियों कार व दो हजार रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.05.2011 को जिला झुन्झुनू थाना खेतड़ी पुलिस ने तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटरसाईकिल आडी लगाकर एक वाहन व 27 हजार रूपये लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**हत्या:–**

- दिनांक 01 व 31.05.2011 को जिला बीकानेर थाना नया शहर, नापासर एवं जेएनवीसी पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या के दर्ज तीन अभियोगों में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.05.2011 को जिला झुन्झुनू थाना नवलगढ पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा गला रेतकर एक व्यक्ति की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घन्टे के अन्दर मृतक की पुत्री को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.05.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना फागी पुलिस ने अज्ञात मुलजिमान द्वारा एक सात साल की मासूम बच्ची के साथ बलात्कार कर हत्या कर देने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 31.05.2011 को जिला कोटा ग्रामीण थाना चेचट पुलिस ने दिनांक 25.04.2011 को हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**नकबजनी:–**

- दिनांक 01, 10, 18, 19, 24 व 27.05.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना गलतागेट, कोतवाली व रामगंज पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए नकबजनी के अभियोगों में कुल 8 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका कीमतन 2.52 लाख रूपये, ट्रक की 9 बैट्रियां व अन्य सामान बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 19.04.2011 को जिला नागौर थाना लाडनू पुलिस ने दिनांक 14.04.2011 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मकान का ताला तोड़कर सोना–चॉदी व 40 हजार रूपये नकद चोरी किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 1.40 लाख रूपये बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.05.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना विश्वकर्मा पुलिस ने 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से माल मसरूका 48,000 रूपये की तांबा की कोयल बरामद की।
- दिनांक 24.04.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना करणीविहार पुलिस ने दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल मसरूका सोने–चांदी के जवरात व 7 गैस सिलेण्डर बरामद किये।
- दिनांक 29.05.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना बडीसादडी पुलिस ने दिनांक 08.05.2011 को दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 2 कीमती मोबाइल व 14500/–रूपये नकद बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**अपहरणः–**

- दिनांक 27.05.2011 को जिला बारां थाना बापचा पुलिस ने दिनांक 26.05.2011 को अपने भाई संजीव कुमार के अपहरण के दर्ज अभियोग में दौराने पतारसी 3 अभियुक्तों को अपहृत सहित दस्तयाब कर पूछताछ की तो बताया की बदमाशान ने उसको छोड़ने की एवज में 2 करोड़ की फिरोती मांग की थी नही देने की स्थिति में गोली मारने की धमकी दी थी। उक्त तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**धोखाधड़ीः–**

- दिनांक 15.05.2011 को जिला अलवर थाना कोतवाली पुलिस ने पीतल की ईंट को सोने की ईट बताकर 8.80 लाख रूपये की धोखाधड़ी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिन्होनें पूछताछ के दौरान 8.80 लाख रूपये की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया।
- दिनांक 15.05.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपुतली पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखे से दूसरों के खातों से लाखों रूपये ट्रान्सफर करने के 6 दर्ज अभियोगों में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सभी 6 अभियोगों में कुल 1.83 लाख रूपये नकद बरामद किये।
- दिनांक 28.05.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना आदर्श नगर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक होटल के कमरों में ठहरे 4 अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उक्त अभियुक्तों द्वारा दूसरे लोगों के क्रेडिटकार्ड उपयोग कर ठगी करने पर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लेपटाप, एक दर्जन मोबाईल, 26 सिम कार्ड, 3 मोमोरी कार्ड, पेन कार्ड एवं 2200 क्रेडीट कार्ड के स्केन किये हुए दस्तावेज बरामद किये।

**ईनामी अभियुक्तः–**

- दिनांक 02.05.2011 को जिला करौली थाना मासलपुर पुलिस ने एक ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पचफेरा 315बोर एवं 5 कारतूस बरामद किये। उक्त अभियुक्त पर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर से 4000/–रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 09.05.2011 को जिला अलवर थाना तिजारा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दबिश देकर एक ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसके विरूद्ध डकैती, हत्या का प्रयास, डकैती की योजना बनाना, सरकारी कर्मचारियों पर हमला एवं चोरी इत्यादि के डेढ दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है। इस पर पुलिस अधीक्षक जिला अलवर से 1000/–रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 13 व 20.05.2011 को जिला धौलपुर थाना बसईडांग पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो अभियुक्तों के कब्जे से एक कट्टा 315बोर व दो कारतूस 315बोर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उक्त दो अभियुक्तों पर जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा 1000–1000 रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 20 व 23.05.2011 को जिला धौलपुर थाना बसईडॉग पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक ईनामी अभियुक्त को एवं 5 ईनामी अभियुक्तों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण किये जाने पर कुल 6 ईनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उक्त ईनामी बदमाशों पर जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा 500–500 रूपये का ईनाम घोषित था।

चोरीः–

- दिनांक 01, 10, 19 व 23.05.2011 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना जोधपुर व मेड़तारोड़ पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 8 अभियुक्तों के कब्जे से 2,15,300/– रूपये का चोरी गया माल मसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01 व 22.05.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना दूदू व फुलेरा पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में कुल 7 अभियुक्तों के कब्जे से 12 गाडी के टायर, 4 लाख का चोरी गया माल मसरूका व एक मोबाइल फोन बरामद किया।
- दिनांक 01 व 07.05.2011 को जिला करौली थाना मासलपुर व नादौती पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया माल मसरूका कीमतन 97000/–रूपये बरामद किया।
- दिनांक 03.व 16.05.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना बांसवाड़ा व गढी पुलिस ने चोरी के दर्ज मुकदमों में दौराने पतारसी 3 अभियुक्तों के कब्जे से 2 चार्जर, 3 ईयर फोन, एक रिमोट, 3 मोबाइल व एक लेपटाप बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 05 व 09.05.2011 को जिला पाली थाना सिरियारी पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में तीन अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 21 हजार रूपये का बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 09, 23 व 24.05.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना विश्वकर्मा पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका कीमतन 2.88 लाख रूपये का बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.05.2011 को जिला डूॅगरपुर थाना धम्बोला पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मकान का ताला तोड़कर चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चोरी गया माल मसरूका सोने–चॉदी के जेवरात कीमतन 6 लाख रूपये के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12 व 13.05.2011 को जिला पाली थाना बगड़ी व सोजतरोड़ पुलिस ने घर में घुसकर सोती हुई महिलाओं के जेवर चुराने के दर्ज अभियोगों में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22 व 24.05.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना विधायकपुरी व मानसरोवर पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में 3 अभियुक्तों के कब्जे से एक ट्रेक्टर व एक मोबाइल फोन बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.05.2011 को जिला झुन्झुनू थाना कोतवाली पुलिस ने चलती बसों में चोरियां करने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक नई जायलों व बस में चोरी किये गये सोने–चॉदी के जेवर व नकद राशि बरामद किया। दौराने अनुसंधान उक्त अभियुक्त एक अन्तर्राज्यीय कुख्यात चोरी गिरोह के सदस्य होना ज्ञात हुआ। ये हरियाणा व राजस्थान के मध्य चलती बसों में चोरी की वारदातें करते है।
- दिनांक 29.05.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना बॉदीकुई पुलिस ने बॉदीकई आगरा पैसेंजर ट्रेन में चोरी के दर्ज अभियोग में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल मसरूका 6000/–रूपये का बरामद किया।
- दिनांक 29.05.2011 को जिला नागौर थाना पादूकलां पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्यूबवैल का ट्रान्सफार्मर स्टार्टर व केबल आदि चुराये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया माल मसरूका कीमतन 1 लाख रूपये बरामद किये।

वाहन चोरी :–

- दिनांक 01 व 09.05.2011 को जिला झालावाड़ थाना कोतवाली व गंगधार पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से दो मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 03, 11 व 24.05.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना विद्याधरनगर, कोतवाली व भट्टाबस्ती पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये एक कार, एक मोटरसाईकिल व एक स्कूटर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03 व 17.05.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना मुरलीपुरा पुलिस ने दो अलग–अलग अभियोगों में 4 अभियुक्तों के कब्जे से 1 मोटरसाईकिल व एक डीआई जीप बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.05.2011 को जिला अलवर थाना सदर पुलिस ने मोटरसाईकिल की बढती वारदातों को गम्भीरता से लेते हुए एक विशेष दल गठित कर अनेक स्थानों पर एक साथ दबिश देकर कुल 9 अभियुक्तों से 41 चोरी की मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12 व 21.05.2011 को जिला सवाईमाधोपुर थाना गंगापुरसिटी पुलिस ने दौराने गश्त दो अभियुक्तों के कब्जे से 2 चोरी गई मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.05.2011 को जिला अजमेर थाना ब्यावर सदर पुलिस ने 2 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22, 24 व 31.05.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली व शाहपुरा पुलिस ने 7 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक बोलेरो कार एवं 3 मोटरसाईकिले बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24 व 27.05.2011 को जिला करौली थाना नादौती व गढमौरा पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी 4 अभियुक्तों के कब्जे से एक मार्सल कार व एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.05.2011 को जिला जयपुर शहर पूर्व थाना आदर्श नगर पुलिस ने 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराई गई एक टाटा सफारी व 5 मोटरसाईकिलें बरामद की।

<u>अवैध शराबः–</u>

- दिनांक 02, 11, 15, 17 व 26.05.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली, फुलेरा, प्रागपुरा व सामोद पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही एवं 4 अभियुक्तों के कब्जे से कुल 802 कार्टून, 348 बोतल, 5022 पव्वे अंग्रेजी शराब व 275 पव्वे देशी शराब बरामद कर कुल 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03 व 28.05.2011 को जिला नागौर थाना लाडनू व जसवन्तगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही एवं एक खेत में अवैध अंग्रेजी शराब कुल 3518 बोतल व 17856 पव्वे अंग्रेजी शराब व 5316 बोतल बीयर बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03, 21 व 22.05.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली फतेहपुर, नीमकाथाना व अजीतगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 46 बीयर, 5 बोतल अंग्रेजी शराब व 282 पव्वे देशी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया एवं एक अभियुक्त के कब्जे से 10 लीटर हथकड़ शराब तथा एक बन्दूक देशी एक नाली बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 7 व 16.05.2011 को जिला अजमेर थाना ब्यावर व मांगलियावास पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1145 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.05.2011 को जिला बाड़मेर थाना धोरीमना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक ट्रेक्टरमें अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 348 बोतल व 72 बीयर बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.05.2011 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना रतनगढ पुलिस ने जोधपुर पैसेंजर ट्रेन में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 31 बोतल बीयर बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12, 17, 23 25 व 29.05.2011 को जिला चूरू थाना राजगढ, दुधवाखारा, तारानगर, साण्डवा व भानीपुरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 5 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 454

कार्टून व 877 बोतल तथा 500 कार्टून व 960 पव्वे अंग्रेजी शराब, 138 बोतल व 96 पव्वे देशी सौफी शराब तथा 22 कार्टून बीयर बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 17 व 30.05.2011 को जिला प्रतापगढ थाना रठांजना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2136 पव्वे देशी शराब व 5 बोतल महुआ शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.05.2011 को जिला जैसलमेर थाना पोकरण पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक ट्रक में अवैध रूप से परिवहन की जा रही विभिन्न किस्म की चण्डीगढ निर्मित शराब की 2400 बोतल, 24384 पव्वे व 6528 केन बीयर कीमतन 3.00 लाख रूपये की बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.05.2011 को जिला चूरू थाना भानीपुरा पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 1488 पव्वे अंग्रेजी शराब व 288 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21, 25 व 29.05.2011 को जिला डूँगरपुर थाना बिछीवाड़ा व कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1027 कार्टून व 11 बोतल अंग्रेजी शराब व 18 कार्टून बीयर बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.05.2011 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना खेड़ापा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक टेंकर से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 181 कार्टून अंग्रेजी शराब की बोतल, 134 कार्टून अंग्रेजी शराब के पव्वे एवं 144 कार्टून बीयर केन बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.05.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना कुशलगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के घर से 192 बोतल बीयर व 33 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.05.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना करणी विहार पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे अवैध 136 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.05.2011 को जिला बारां थाना नाहरगढ पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1680 पव्वे देशी शराब बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मई 2011 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 1124 प्रकरण दर्ज कर 1147 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 83927 बोतल अंग्रेजी शराब 14631 बोतल देशी शराब 6101 बोतल कच्ची शराब एवं 44944 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह मई तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 6097 प्रकरण दर्ज कर, 6115 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 364935 बोतल अंग्रेजी शराब, 76051 बोतल देशी शराब, 34229 बोतल कच्ची शराब एवं 166893 बोतल बीयर बरामद की गई।

**मादक पदार्थः–**

- दिनांक 01, 13, 14, 20 व 31.05.2011 को जिला बारां थाना छीपाबडौद, हरनावदाशाहजी व कोतवाली पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी 6 अभियुक्तों के कब्जे से 36 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 03 व 5.05.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना गंगरार, निम्बाहेड़ा, मंगलवाड़, शम्भूपुरा, चित्तौड़गढ व बैगू पुलिस ने 6 अभियुक्तों के कब्जे से 34.750 ग्राम स्मैक, 35.260 किलोग्राम डोडा चूरा एवं 35.400 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 03, 10 व 29.05.2011 को जिला झालावाड़ थाना सारोला, भालता, गंगधार व खानपुर पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 6 अभियुक्तों के कब्जे से 12.900 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02 व 26.05.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना डांगियावास व उदयमन्दिर पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 7 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 04 व 28.05.2011 को जिला पाली थाना सेंदड़ा पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 774.165 किलोग्राम डोडा पोस्त व 11.900 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद किया।
- दिनांक 05.05.2011 को जिला नागौर थाना जसवन्तगढ पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 320 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 09 व 23.05.2011 को जिला प्रतापगढ थाना रठांजना व पीपलखूट पुलिस ने तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 2.700 किलोग्राम अफीम, 18.300 किलोग्राम डोडा चूरा एवं 2 ग्राम ब्राउनशुगर बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 08, 12, 13, 15 व 16.05.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना भदेसर, बड़ी सादडी, निम्बाहेडा, राशमी व चन्देरिया पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी 3 वाहनों सहित 7 अभियुक्तों द्वारा अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 2.00 किलोग्राम अफीम, 300 ग्राम ब्राउन शुगर एवं 785 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.05.2011 को जिला गंगानगर थाना कोतवाली पुलिस ने कुल 6 अभियुक्तों के कब्जे से 25 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.05.2011 को जिला बाड़मेर थाना समदड़ी पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 405 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।
- दिनांक 12.05.2011 को जिला कोटा ग्रामीण थाना कैथून पुलिस ने दौराने गश्त एक अभियुक्त के कब्जे से 500ग्राम अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13 व 16.05.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना कोटा पुलिस ने प्लेट फार्म नम्बर एक रेल्वे स्टेशन कोटा पर मध्यप्रदेश निवासी दो अभियुक्तों के कब्जे से 1.500 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19, 20 , 22, 24, 25 व 26.05.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना निम्बाहेड़ा, कनेरा, चित्तौड़गढ़, कपासन व भदेसर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी तीन वाहनों सहित 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 9.500 किलोग्राम अफीम एवं 5106 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.05.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना चंदवाजी पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 1970 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20 व 29.05.2011 को जिला अजमेर थाना मसूदा व ब्यावर सिटी पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 8 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 4837.500 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27, 28 व 29.05.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चन्देरिया व बैगू पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी एक वाहन सहित 6 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 3.560 किलोग्राम अफीम व 1.120 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.05.2011 को जिला बाड़मेर थाना सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 2 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- माह मई 2011 में जिला सिरोही थाना रेवदर पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 550 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मई 2011 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 115 प्रकरण दर्ज कर, 126 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.421 कि.ग्राम स्मैक, 0.002 ब्राउनशुगर, 0.312 कि.ग्रा. चरस, 86.811 कि.ग्रा. अफीम, 130.530 कि0ग्रा0 गांजा व 16656.950 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह मई तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 599 प्रकरण दर्ज कर 680 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.0011 कि0ग्रा0 ब्राउन शुगर, 0.791 कि0ग्रा0 हेरोईन, 2.978 कि.ग्रा0 स्मैक, 6.843 कि.ग्रा0 चरस 578.836 कि0ग्रा0 अफीम, 1022.819 कि0ग्रा0 गांजा व 36450.178 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**अवैध हथियार :–**

- दिनांक 02, 05, 06, 23, 24 व 25.05.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सदर, चौमू, विश्वकर्मा, करधनी पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 9 अभियुक्तों से 4 कटार, 1 पिस्टल, 1 तलवार व 1 कट्टा 315बोर मय दो कारतूस के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.05.2011 को जिला करौली थाना मासलपुर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एक देशी कट्टा 12बोर मय 4 कारतूस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04.05.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना शिवदासपुरा पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से बिना लाईसेन्स एक टोपीदार बन्दूक बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 17, 18, 19, 22, 23 व 24.05.2011 को जिला चूरू थाना राजगढ व हमीरवास पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी 13 अभियुक्तों के कब्जे से 5 नग 32 बोर माउजर पिस्टल, 2 नग 12बोर पिस्टल, एक देशी पिस्टल, एक 22बोर रिवाल्वर, एक 12 बोर रिवाल्वर, 6 देशी कट्टे 315 बोर, 4 देशी कट्टे12बोर, 3 मैगजीन एवं 5 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14, 16, 17, 18, 27, 30 व 31.05.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना विद्याधर नगर, गलतागेट, सुभाष चौक, माणक चौक, ब्रह्मपुरी व आमेर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 10 अभियुक्तों से 4 देशी पिस्टल, 4 देशी कट्टे, 16 कारतूस एवं 1 मैगजीन बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.05.2011 को जिला झुन्झुनू थाना सिंघाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त एक अभियुक्त के कब्जे से एक रिवाल्वर 32बोर मय 6 जिन्दा कारतूस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- माह मई 2011 में जिला गंगानगर थाना कोतवाली, करणपुर व पुरानी आबादी पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से एक रिवाल्वर 7.65एमएम, 2 मैगजीन, एक देशी पिस्तौल 315बोर, एक दुनाली बन्दूक एवं एक मकान में हथियार बनाने के अवैध कारखाने से एक बैरल 12बोर, एक बैरल 303बोर व हथियार बनाने के औजार एवं कुल 18 कारतूस बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मई 2011 में आर्म्स एक्ट के तहत 398 प्रकरण दर्ज कर 417 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 21 बन्दूकें, 94 रिवाल्वर/कट्टे, 189 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह मई तक आर्म्स एक्ट के तहत 2080 प्रकरण दर्ज कर 2130 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 131 बन्दूकें, 350 रिवाल्वर/कट्टे, 923 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

**अवैध विस्फोटक :–**

- दिनांक 25.05.11 को जिला सीकर थाना नीमकाथाना पुलिस ने दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे विस्फोटक पदार्थ 10 इलेक्ट्रोनिक डेटोनेटर, 1 बन्डल फ्यूज वायर बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 28.05.2011 को जिला प्रतापगढ थाना सालमगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से 34 जिलेटिन, 34 डेटोनेटर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मई 2011 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 38 प्रकरण दर्ज कर 36 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 1821 जिलेटिन, 3461 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह मई तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 204 प्रकरण दर्ज कर 218 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 153214 जिलेटिन, 28620 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

<u>जुआ/सट्टाः–</u>

- दिनांक 01 व 02.05.2011 को जिला बून्दी थाना कोतवाली केशोरायपाटन व नैनवा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 54,590/–रूपये की जुआ राशि बरामद की।
- दिनांक 02, 05, 08, 12, 15, 16, 23, 28 व 30.05.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना जालुपुरा, ब्रहमपुरी, शास्त्री नगर, माणक चौक व नाहरगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 36 अभियुक्तों के कब्जे से 72975/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 12, 17, 25 व 29.05.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना झोटवाड़ा, हरमाड़ा, करधनी, बनीपार्क, करणी विहार एवं सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 20 अभियुक्तों के कब्जे से 27550/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09, 18 व 24.05.2011 को जिला डूँगरपुर थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6020/– रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद की।
- दिनांक 11 व 21.05.2011 को जिला जयपुर दक्षिण पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 15 अभियुक्तों के कब्जे से 16580/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11 व 14.05.2011 को जिला हनुमानगढ थाना गोलुवाला व हनुमानगढ जंक्शन पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 34,900/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि, 12 मोबाइल सैट व एक एलसीडी व एक लेपटोप बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16, 21 व 25.05.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना बजाज नगर व जवाहर नगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 10 अभियुक्तों के कब्जे से 6730/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18 व 21.05.2011 को जिला झुन्झुनू थाना सिंघाना व खेतड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 41640/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.05.2011 को जिला गंगानगर थाना कोतवाली व विजयनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलते हुए 15 अभियुक्तों के कब्जे से 1,19,960/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26 व 28.05.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली व खाटुश्यामजी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 9 अभियुक्तों से 14220/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.05.11 को जिला बारां थाना कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 13 अभियुक्तों के कब्जे से 97830/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.05.2011 को जिला करौली थाना श्रीमहावीरजी पुलिस ने दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 11880/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- माह मई 2011 में जिला जयपुर ग्रामीण थाना मनोहरपुर व सामोद पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 8760/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह मई 2011 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1089 प्रकरण दर्ज कर, 1844 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 12 लाख 73 हजार 833 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 में माह मई तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 5931 प्रकरण दर्ज कर 11278 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 1 करोड़, 01 लाख 10 हजार 923 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

**विविधः–**

- दिनांक 05.05.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना मण्डोर पुलिस ने एक मकान में दबिश देकर 39000 हजार रूपये विभिन्न फिल्मों के रेपर, 1498 डीवीडी, 400 एमपी3, 3 प्रिन्टर, 29 राईटर व एक कम्प्यूटर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.05.2011 को जिला चित्तौडगढ थाना बेगू पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 11810 किलोग्राम अवैध महुआ के फूल बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.05.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना निकुम्भ पुलिस ने सूत्र सूचना पर 3 अभियुक्तों के रिहायशी मकानों से कुल 131 किलोग्राम अवैध चन्दन बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.05.2011 को जिला डूॅंगरपुर थाना निठाउवा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 4 टन 425 किलोग्राम पीपल, हेडा व कजड़ी की गीली लकडियों को बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.05.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना भादसोड़ा पुलिस ने दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 61 गौवंश को बरामद किया।
- दिनांक 21.05.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना जवाहर सर्किल पुलिस ने एक दुकान से 10350 पायरेटेड सीडी बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 31.05.2011 को जिला झुन्झुनू थाना सिंघाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा कुल 1400 लीटर डीजल बरामद कर वाहन सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।